प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज का ऐलान किया, हर वर्ग को मिलेगी राहत

कोरोना लंबे समय तक हमारी जिंदगी का हिस्सा रहेगा, हमने कोरोना आपदा को अवसर में बदला : पीएम

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने दस एएनएम एव पांच नर्स को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु किया सम्मानित

20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज कोरोना संकट के इस काल में देश को आत्म–निर्भर बनाने के संकल्प के साथ सभी पक्षों से बातचीत के बाद तैयार हुआ है : निर्मला सीतारमण


युवराज न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+13 तिथि : 13 मई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

बिग ब्रेकिंग

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज का ऐलान किया, हर वर्ग को मिलेगी राहत



न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज का ऐलान किया है. ये 20 लाख करोड़ सूक्ष्म, लघु, मंझोले, उद्योग यानी एमएसएमई के लिए हैं. ये पैकेज उस श्रमिक, किसान के लिए है जो हर हालात, हर मौसम में दिन रात देशवासियों के लिए परिश्रम कर रहे हैं, ये ईमानदारी से टैक्स भरने वाले मध्यम वर्गीय लोगों के लिए है, उद्योग जगत के लिए है.

**आज बुधवार को होंगी राहत पैकेज के विस्तार से जुड़ी सभी घोषणाएं**

पीएम मोदी ने कहा कि 13 मई से वित्त मंत्री इस आर्थिक पैकेज की विस्तार से जानकारी देंगी. इस पैकेज के साथ अब देश का आगे बढ़ना अनिवार्य है. पीएम मोदी ने कहा, 'हाल में सरकार ने कोरोना संकट से जुड़ी जो आर्थिक घोषणाएं की थीं, जो रिजर्व बैंक के फैसले थे, और आज जिस आर्थिक पैकेज का ऐलान हो रहा है, उसे जोड़ दें तो ये करीब–करीब 20 लाख करोड़ रुपए का है. ये पैकेज भारत की जीडीपी का करीब–करीब 10 प्रतिशत है. इन सबके जरिए देश के विभिन्न वर्गों को, आर्थिक व्यवस्था की कड़ियों को, 20 लाख करोड़ रुपए का संबल मिलेगा, सपोर्ट मिलेगा.'

**(1) किसानों के लिए क्या होगा खास**

पीएम ने कहा, 'पिछले 6 साल में जो रिफॉर्म हुए, उनके चलते आज भारत की अर्थव्यवस्था अधिक सक्षम व समर्थ बनी है. रिफॉर्म्स के दायरे को व्यापक करते हुए नई हाइट पर ले जाना है. ये रिफॉर्म खेती से भी जुड़े होंगे ताकि किसान सशक्त हो और भविष्य में कोरोना संकट जैसे किसी अन्य आपदा में खेती के कामकाजों पर कम असर हो. समय की मांग है कि भारत हर स्पर्धा में जीते, ग्लोबल सप्लाई चेन में बड़ी भूमिका निभाए. इसे देखते हुए आर्थिक पैकेज में कई प्रावधान हैं.

एक्सपर्ट्स का कहना है कि सरकार, पीएम किसान सम्मान योजना के विस्तार पर फैसला हो सकता है. इसके अलावा किसानों की आमदनी बढ़ाने को लेकर भी ऐलान होने की उम्मीद है.

**(2) छोटे उद्योगों के लिए आ सकती है सौगात**

आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए, इस पैकेज में लैंड, लेबर, लिकवीडिटी और लॉ सभी पर बल दिया गया है. ये आर्थिक पैकेज हमारे कुटीर उद्योग, गृह उद्योग, हमारे लघु–मंझोले उद्योग, हमारे एमएसएमई के लिए है. जो करोड़ों लोगों की आजीविका का साधन है, जो आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का मजबूत आधार है. ये आर्थिक पैकेज देश के उस श्रमिक के लिए है, देश के उस किसान के लिए है जो हर स्थिति, हर मौसम में देशवासियों के लिए दिन रात परिश्रम कर रहा है.

**(3) नौकरी पेशा के लिए भी हो सकती है बड़ी घोषणा**

ये आर्थिक पैकेज हमारे देश के मध्यम वर्ग के लिए है, जो ईमानदारी से टैक्स देता है, देश के विकास में अपना योगदान देता है.

**(4) इंफ्रास्ट्रक्चर पर इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा**

राहत पैकेज में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ेगा. लिहाजा देश में विदेशी कंपनियां भी तेजी से निवेश कर सकती है.

**(5) प्लाई चेन को आधुनिक बनाएंगे**

पीएम ने कहा कि हमारे पास साधन, सामर्थ्य है, बेस्ट टैलेंट है. हम बेस्ट प्रॉडक्ट बनाएंगे, क्वालिटी बेहतर करेंगे, सप्लाई चेन को आधुनिक बनाएंगे. हम ऐसा कर सकते हैं और जरूर करेंगे.

पीएम ने कच्छ भूकंप का उदाहरण देते हुए कहा कि भूकंप में कच्छ पूरी तरह तबाह हो गया था लेकिन कच्छ फिर बढ़ चला. यही भारतीयों की क्वालिटी है. ठान लें तो कोई राह मुश्किल नहीं. आज चाह भी है राह भी है. यह है भारत को आत्मनिर्भर बनाना. भारत की संकल्प शक्ति ऐसी है कि हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं.

एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे विदेशी कंपनियां भारत में निवेश बढ़ा सकती है. लिहाजा भारत में नौकरियों के अवसर बनेंगे. आत्मनिर्भर भारत की भव्य इमारत 5 खंभों इकोनॉमी, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी ड्रिवन व्यवस्था, डेमोग्राफी, डिमांड पर खड़ी है. डिमांड बढ़ाने और इसे पूरा करने के लिए सप्लाई चेन के हर स्टेकहोल्डर का सशक्त होना जरूरी है. सप्लाई चेन को हम मजबूत करेंगे.

## कोरोना लंबे समय तक हमारी जिंदगी का हिस्सा रहेगा, हमने कोरोना आपदा को अवसर में बदला : पीएम



कोरोना वायरस महामारी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन में लॉकडाउन को लेकर अहम ऐलान किया. पीएम मोदी ने कहा कि लॉकडाउन 4.0 पहले से बिल्कुल अलग और नए नियमों वाला होगा. पीएम मोदी ने कहा कि 'लॉकडाउन का चौथा चरण पूरी तरह नए रंग रूप वाला और नए नियमों वाला होगा. राज्यों से मिल रहे सुझावों के आधार पर लॉकडाउन 4 की जानकारी आपको 18 मई से पहले दी जाएगी.'

**कोरोना लंबे समय तक हमारी जिंदगी का हिस्सा रहेगा**

राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, 'वैज्ञानिक बताते हैं कि कोरोना लंबे समय तक हमारी जिंदगी का हिस्सा बना रहेगा, लेकिन हम अपनी जिंदगी को इस हद तक ही नहीं सिमटने देंगे. हम मास्क पहनेंगे और दो गज दूरी का पालन करेंगे, लेकिन लक्ष्यों को प्रभावित नहीं होने देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि जब मैंने देश से खादी खरीदने का आग्रह किया था और कहा था कि आप देश के हैंडलूम वर्कर्स को सपोर्ट करें तो तेजी से यह ऊंचाइयों पर पहुंचा और आपने उसे ग्लोबल ब्रांड बना दिया.

**हमें लोकल मार्केट पर गर्व करना चाहिए**

पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना ने हमें लोकल मार्केट चेन का महत्व भी समझा दिया है. लोकल केवल जरूरत नहीं बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है. लोकल को हमें अपना जीवन मंत्र बनाना ही होगा. आपको जो ग्लोबल ब्रांड्स दिखते हैं, वो भी कभी लोकल थे. लेकिन जब वहां के लोगों ने उन्हें अपनाया और उन्हें स्वीकारा तो वे लोकल से ग्लोबल बन गए. ऐसे में आज से हर भारतवासी को लोकल के लिए वोकल बनना है. आज से हर भारतवासी को न सिर्फ लोकल प्रोडक्ट खरीदने हैं बल्कि उनपर गर्व भी करना है.

**हमनें कोरोना आपदा को अवसर में बदला**

यह आपदा भारत के लिए एक संकेत, एक संदेश और एक अवसर लेकर आई है. इससे पहले भारत में एक पीपीई किट नहीं बनती थी और N95 मास्क का नाममात्र उत्पादन होता था. लेकिन आज भारत में 2–2 लाख पीपीई किट और एन95 मास्क का उत्पादन हो रहा है. यह आपदा को अवसर में बदलने से हुआ. भारत के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के ऐसा हो सका.

**21वीं सदी हिंदुस्तान की होगी**


पीएम मोदी ने दुनिया में कोरोना से मारे गए 2.75 लाख लोगों के स्वजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने कहा कि ऐसा संकट हमने न पहले देखा न सुना था. यह त्रासदी अकल्पनीय और अभूतपूर्व है, लेकिन टूटना, बिखराना मानव को स्वीकार्य नहीं है. हमें इस जंग में सतर्क रहकर बचना भी है और आगे भी बढ़ना है. जब दुनिया संकट में है तो हमें अपना संकल्प और मजबूत करना होगा.

पिछली शताब्दी से ही सुनते आए हैं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की होगी. कोरोना संकट के दौरान हमें स्थितियों को अच्छे से देखने–समझने का मौका मिला है. जब हम स्थितियों को अब देखते हैं तो लगता है कि 21वीं सदी भारत की हो तो यह सपना ही नहीं हमारी जिम्मेदारी भी लगती है. विश्व की आज की स्थिति हमें सिखाती है कि इसका रास्ता एक ही है. आत्म निर्भर भारत.

**भारत का संकल्प आत्मनिर्भर बनने से ही पूरा होगा**

जो हमारे बस में है, जो हमारे नियंत्रण में है, वही सुख है. आत्म निर्भरता हमें सुखी करने के साथ सशक्त भी करती है. 21वीं सदी के भारत का संकल्प भारत को आत्मनिर्भर बनाने से ही पूरा होगा. हम भारत को आत्मनिर्भर बनाकर रहेंगे, इस विश्वास के साथ मैं आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं.

## कोरोना वायरस महामारी के बीच रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को इन नियमों का करना पड़ेगा पालन



सम्राट, संवाददाता



भारतीय रेल ने लंबे समय बाद 12 मई से रेल सेवा शुरू कर दी है। हालांकि, शुरू में केवल 15 जोड़ियां रेल चलाने की घोषणा ही गई है, जिनमें रेल गाड़ियां डिब्रूगढ़, अगरतला, हावड़ा, पटना, बिलासपुर, रांची, भुवनेश्वर, सिकंदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, मडगांव, मुंबई सेंट्रल, अहमदाबाद और जम्मू–तवी जाएगीं।रेल यात्रियों की यात्रा के लिए भारतीय रेल और गृह मंत्रालय ने नई गाइडलाइंस जारी की हैं, जिनमें बताया गया है कि रेल यात्रियों को रेल में चढ़ते और उतरते समय कई नियमों का ध्यान रखना पड़ेगा। अगर आप इन नियमों से वाकिफ नहीं हैं तो आइए जानते हैं कि कोरोना वायरस महामारी के बीच रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को किन नियमों का पालन करना पड़ेगा–

– रेल यात्रियों को गाड़ी छूटने से 90 मिनट पहले स्टेशन पहुंचना होगा। स्टेशन के अंदर वैध टिकट और प्रमाण पत्र रहने के बाद ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। यात्रियों के मोबाइल में आरोग्य सेतु एप जरूर होना चाहिए।

–स्टेशन में प्रवेश के बाद यात्रियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। अगर कोई यात्री संक्रमित पाया जाता है, तो उन्हें यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यात्रियों की स्क्रीनिंग करने के बाद उन्हें सैनिटाइज किया जाएगा।

–रेल के अंदर टीटीई नहीं होंगे। आपके टिकट की जांच स्टेशन पर ही कर ली जाएगी। रेल में प्रवेश और निकास के समय यात्रियों को हैंड सैनिटाइजर दिया जाएगा।

–रेल यात्रियों को मास्क पहनना अनिवार्य है। वहीं, अगर रेल में कोई सहायक कर्मचारी है तो उन्हें मास्क और दस्ताने दोनों पहनने होंगे।

–रेल के अंदर किसी भी बाहरी लोग को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है। जबकि यात्रियों को 12 घंटे पहले अपनी सेहत की जानकारी रेलवे के साथ साझा करना अनिवार्य है।

–रेल में केवल वातानुकूलित कोच (एसी ) होगी और गाड़ी केवल चुनिंदा स्टेशनों पर ही रुकेगी।

–रेल टिकट केवल और केवल इंडियन रेलवे टूरिज्म एंड कैटरिंग कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साइट्स से ही खरीदे जा सकते हैं। यात्रा की टिकट सात दिन पहले मिलेगी। वहीं, यात्रा के लिए आरएसी और वेटिंग टिकट जारी नहीं किया जाएगा।

–भारतीय रेल की तरफ से जारी गाइडलाइंस के अनुसार, यात्रियों को खाना और पानी लेकर जाना होगा। यात्री अपनी यात्रा के दौरान पैसे देकर केवल पानी ही खरीद पाएंगे। वातानुकूलित कोच होने के बावजूद चादर और कंबल नहीं दिए जाएंगे।

–गंतव्य स्टेशन पर उतरने के बाद यात्रियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। फिर सैनिटाइज किया जाएगा। इसके बाद यात्रियों को राज्य सरकार के नियमों के अनुसार 14 या 21 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रहना पड़ेगा।

## कोरोना काल में दिल्ली सरकार के खजाने में आ सकता है तीन से चार हजार करोड़ रुपये : सुशील श्रीवास्तव



सुनील चौधरी,
संवाददाता,



दिल्ली में व्यापारी वर्ग के समक्ष जितनी अड़चनें है और उलझने है, संभवतः उतनी किसी अन्य के पास नहीं। कोई भी कारोबार छोटा हो या बड़ा मुनाफे से ज्यादा खर्च, पहले नजर आता है किंतु इस बात को समझने के लिए कोई भी तैयार नहीं। क्वालिटी के नाम पर सरकार तो मैनुफैक्चर्स और ट्रेडर्स दोनों को दुधारू गाय की तरह दुह रही है। भारत सरकार, दिल्ली सरकार एवं पुलिस प्रशासन द्वारा मि. लने वाली प्रतारणा से निजात दिलाने एवं व्यापारियों की अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार व अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय समझौता को अंजाम देने वाला कोई नहीं है, इसका मुख्य कारण यह है कि इतनी बड़ी आबादी (लाखों की संख्या में बसे व्यापारियों) का कोई ऐसा नेता नही है जो आत्मसम्मान के लिए एक कामयाब लड़ाई लड़ने का कर्तव्य पूरा करे। उपरोक्त बातें दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (पंजीकृत) के राष्ट्रीय महासचिव सुशील श्रीवास्तव ने कही।

श्री श्रीवास्तव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक सुझाव दिया है कि "री लोकेशन ऑफ इंडस्ट्रीज" जिसमें नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया, बादली एवं पटपड़गंज आदि इंडस्ट्रियल एरिया आता है इन सभी को, इस वक्त जहाँ सभी कोरोना वायरस से जूझ रहे हैं सभी इंडस्ट्रियल एरिया को फ्री होल्ड कर देना चाहिए। इससे सिर्फ कनवर्जन चार्ज के रूप में दिल्ली सरकार के खजाने में तीन हजार करोड़ से चार हजार करोड़ रुपये तक आ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी रकम से सरकार को कोरोना से लड़ने में काफी सहयोग मिलेगा और व्यापारी भी जहाँ कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं, वो अपनी फ्री होल्ड प्रौपर्टी पर लोन ले सकते है व अपना व्यापार को बेहतर रुप से चला सकते है ! दिल्ली सरकार को इस विषय में गम्भीरता से सोचना चाहिए।

## 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज कोरोना संकट के इस काल में देश को आत्म–निर्भर बनाने के संकल्प के साथ सभी पक्षों से बातचीत के बाद तैयार हुआ है : निर्मला सीतारमण



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज के बारे में कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद यह पैकेज तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रोथ में तेजी लाने के लिए यह पैकेज जरूरी था। उन्होंने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत आत्म–निर्भर भारत अभियान के साथ की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो एनपीए हैं और जो लॉकडाउन के चलते परेशानी में हैं उन्हें इस कदम से फायदा होगा 45 लाख एमएसएमई को राहत, एक साल तक कर चुकाने से मुक्ति मिलेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा 15 विभिन्न कदमों का जिक्र होगा जिसमें 6 एमएसएमई के लिए कदम उठाएंगे दो कदम एमएसएमई के फाइनेंस से जुड़ा है और 2 पीएफ से जुड़े हैं। एमएसएमई को 3 लाख करोड़ का कर्ज बिना किसी गारंटी का मिलेगा। सूक्ष्म, लघु, मध्यम व कुटीर उद्योग के लिए 20 हजार करोड़ का प्रावधान। वहीं 50000 करोड़ का फंड एमएसएमई में डाला जाएगा।

बजट के फौरन बाद कोरोना आ गया। बजट सेशन के बाद हमने गरीब कल्याण योजना के तहत 41 करोड़ खातों में पैसा पहुंचा था। जिनके पास राशन कार्ड नहीं था उन्हें भी राशन दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा मोदी सरकार लोगों से बातचीत और संवेदनशीलता में भरोसा रखती है और बजट के बाद तुरंत कोरोना का प्रकोप आ गया।

वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीएम ने सबसे पहला कदम देश के गरीबों को लेकर उठाया। एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया। वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीएम ने सबसे पहला कदम देश के गरीबों को लेकर उठाया। एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया। आत्मनिर्भर भारत बनाने का उसने देश के लोगों में नई ऊर्जा भर दी है। लोग संकट में अवसर देख रहे हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रेस कॉन्फ्रेंस में 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज का लेखाजोखा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कई मंत्रालयों की लंबी चर्चा के बाद पैकेज पर फैसला हुआ है। इस पैकेज के सहारे देश को आत्म निर्भर बनाना है। इसलिए इसे आत्म. निर्भर भारत अभियान कहा जा रहा है। हम जो भी योजनाओं का ऐलान करेंगे वो सीधे लोगों तक पहुंचेगे। गरीबों के खाते में सीधे पैसा पहुंच रहा है।

## जिलाधिकारी ने सदर प्रखंड अवस्थित चंद्रहियां ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के बीच मास्क एवम साबुन का किया वितरण



रिंकू गिरी,
संवाददाता



जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने सदर प्रखंड अवस्थित चंद्रहियां ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के बीच मास्क एवम साबुन का वितरण किया। कोविड 19 के संक्रमण के कारण उत्पन्न आपातकालीन परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए पंचम राज्य वित्त आयोग अनुदान मद की राशि से ग्राम पंचायतों में प्रत्येक परिवार को कम से कम चार मास्क एवम एक साबुन उपलब्ध कराने के सरकार के निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक घर मे वितरित किया गया।

जिलाधिकारी श्री शीर्षत ने आम जनों से अपील किया कि आप मास्क पहनें, सोशल डिस्टेनसिंग को फॉलो करें, बेवजह घर से बाहर नहीं निकलें, क्योंकि इस विपदा की घड़ी में एक जिम्मेदार नागरिक का देश के प्रति यही महत्वपूर्ण कॉन्ट्रिब्यूशन है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम नागरिकों के हर संभव सहयोग हेतु तत्पर है।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने दस एएनएम एव पांच नर्स को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु किया सम्मानित



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,



पूर्वी चंपारण में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने दस एएनएम एव पांच नर्स को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया।

जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने कोरोना वायरस कोविड 19 कारण उत्पन्न परिस्थितियों से प्रभावकारी तरीके से निपटने में स्वास्थ्यकर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि वर्तमान परिस्थिति में स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाभाव एवम पूर्ण समर्पण से ही हम कोविड की जंग को जीत सकते है।

जिलाधिकारी ने उक्त अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में मदर टेरेसा के योगदान का किया स्मरण एवम स्वास्थ्यकर्मियों को मदर टेरेसा के सेवा भाव से शिक्षा लेने की सलाह दी।


NEWS TODAY Update | न्यूज टुडे | Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in | राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | An Ideal Film Production
चुनाव प्रचार
हमारा लक्ष्य, आपकी जीत
DIGITAL CAMPAIGNING
Bulk SMS Marketing
Whatsapp Marketing
Social Media Marketing
Voice Call Marketing
Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
9471005272

NEWS TODAY Update | न्यूज टुडे | Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in | राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830